## मॉडल - (03)

**विषय - अर्थशास्त्र, कक्षा– 12वी**

**विषय कोड – 318**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक: 100**

---

**निर्देश (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।**

**(ii) प्रश्न क्रमांक 01 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए। खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। खण्ड (स) में सत्य/असत्य लिखिए (द) एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित हैं।**

**(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 30 शब्द है।**

**(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 50 शब्द है।**

**(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 75 शब्द है।**

**(vi) प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।**

**(vii) प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।**

**प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –** **(1x5=5)**

(i) 2011 में भारत की राष्ट्रीय आय में कृषि का योगदान था, लगभग

(अ) 10%

(ब) 20%

(स) 17%

(द) 25%

(ii) ''सांख्यिकीय माध्यों का विज्ञान है।'' यह कथन किसका है।

(अ) बाउले (ब) सेंक्राइस्ट

(स) सेलिंगमैन (द) डार्विन

(iii) अच्छी प्रश्नावली का गुण है –

(अ) सही क्रम (ब) सही स्थान

(स) प्रश्न छोटे एवं स्पष्ट (द) इनमें से कोई नहीं

(iv) आर्थिक समस्याएं किस कारण उत्पन्न होती हैं–

(अ) दुर्लभता

(ब) आवश्यकताएं

(स) साधन

(द) विकास

(v) गिफिन वस्तुएं होती है –

(अ) पूंजीगत वस्तुएं (ब) विलासिता की वस्तुएं

(स) स्थानान्तरण वस्तुएं (द) निम्नकोटि की वस्तुएं

## खण्ड (ब)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** **(1x5=5)**

(i) पैमाने के प्रतिफलों की संबंध.................... काल अवधि से है।

(ii) एकाधिकार में फर्मों की संख्या .................................... होती है।

(iii) मत्स्य पालन .............................. का घटक है।

(iv) समग्र मांग तथा उपभोग में अंतर कहलाता है......................................।

(v) किसी देश में सरकार द्वारा प्रचलित मुद्रा ही ........................... है।

## खण्ड (स)

**सत्य/असत्य बताइये –** **(1x5=5)**

(i) आर्थिक संवृद्धि से तात्पर्य दीर्घावधि में कुल उत्पादन में होने वाली वास्तविक वृद्धि से है।

(ii) फिशर के निर्देशांक को आदर्श निर्देशांक कहते हैं।

(iii) माचिस की मांग लोचदार होती है।

(iv) पूर्ति वक्र दाँए से बाँए ऊपरकी ओर जाता है।

(v) राष्ट्रीय आय किसीदेश की निश्चित समयावधि की आय है।

## खण्ड (द)

**एक शब्द/वाक्य मे उत्तर दीजिए।** **(1x5=5)**

(i) मनरेगा कार्यक्रम कब लागू किया गया ?

(ii) द्वितीय पंचवर्षीय योजना किस मॉडल पर आधारित थी।

(iii) लागत फलन क्या है ?

(iv) संतुलन कीमत किसे कहते हैं ?

(v) सोना चांदी का बाजार किस प्रकार का बाजार होता है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 30 शब्द है।

प्रश्न 2 नियोजन का अर्थ लिखिए।

प्रश्न 3. सारिणी किसे कहते हैं ?

प्रश्न 4 समष्टि अर्थशास्त्र का अर्थ लिखिए।

प्रश्न 5 उत्पादन संभावना वक्र मूल बिंदु के प्रति नतोदर क्यों होता है ?

प्रश्न 6 उपभोक्ता के संतुलन से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 7 माँग के नियम के दो अपवाद लिखिए ?

प्रश्न 8 उत्पादन के परिवर्तनशील साधन से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 9 वस्तु की पूर्ति क्यों तथा किसके द्वारा की जाती है ?

प्रश्न 10 अवसर लागत क्या है ?

प्रश्न 11 आपूर्ति आधिक्य क्या है ?

प्रश्न 12 द्वितीयक क्षेत्रक से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 13 प्रत्यक्ष कर से क्या आशय है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 50 शब्द है।

प्रश्न 14 आर्थिक विकास की विशेषताएं लिखिए (कोई तीन)

प्रश्न 15 संसाधनों के पूर्ण उपयोग की समस्या को समझाइये ।

प्रश्न 16 किसी वस्तु की आपूर्ति बढ़ाने वाली कारको का उल्लेख कीजिए। (कोई तीन)

प्रश्न 17 एकाधिकार बाजार की प्रमुख विशेषताएं लिखिए (कोई तीन)

प्रश्न 18 यदि आय रू 500 तथा उपभोग रू 300 है । (APC) औसत उपभोग प्रवृत्ति ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 19 केन्द्रीय बैंक के कार्य लिखिए (कोई तीन)

निर्देश – प्रश्न कमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिए गए हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 75 शब्द है।

प्रश्न 20 वस्तु की बाजार मांग को प्रभावित करने वाले तत्वों का वर्णन कीजिए (कोई चार)

अथवा

कुल उपयोगिता एवं सीमित उपयोगिता में संबंध की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 21 व्यय विधि द्वारा निम्नांकित आकड़ों से राष्ट्रीय आय की गणना कीजिए।

| (मदें) | करोड़ रूपये में |
|---|---|
| 1. व्यक्तिगत उपभोग व्यय | 3500 |
| 2. स्थिर पूंजी उपभोग | 50 |
| 3. शुद्ध स्थिर पूंजी निर्माण | 1250 |
| 4. स्टाक परिवर्तन | 500 |
| 5. निर्यात | 400 |
| 6. आयात | 750 |
| 7. निवल अप्रत्यक्ष कर | 40 |
| 8. सरकारी उपभोग व्यय | 1600 |
| 9. विदेशों से शुद्ध साधन आय | (-10) |
| 10. वेतन और मजदूरी | 450 |

अथवा

मध्यवर्ती एवं अंतिम वस्तुओं में अंतर लिखिए (कोई चार)

प्रश्न 22 आधिक्य मांग की परिभाषा दीजिए। उचित रेखाचित्र द्वारा इसकी व्याख्या कीजिए।

अथवा

समग्र मांग के घटकों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 23 सरकारी बजट के घटकों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

वस्तु विनिमय प्रणाली की कठिनाईयों को समझाइये (कोई चार)

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 24 व 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। सभी में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 150 शब्द है।

प्रश्न 24 सांख्यिकी तालिका क्या होती है ? इसके अवयवों को लिखिए।

अथवा

सांख्यिकीय की विशेषताओं को लिखिए। (कोई पांच)

प्रश्न 25 सूचकांक की रचना संबंधी कठिनाईयां लिखिए (कोई पांच)

अथवा

समझाइये – 1. चतुर्थक विचलन 2. माध्य विचलन

निर्देश – प्रश्न कमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 250 शब्द है।

प्रश्न 26 कृषि प्रधान देश के रूप में भारत का वर्णन कीजिए। (कोई छः)

अथवा

क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने के उपाय लिखिए (कोई छः)

प्रश्न 27 छात्रों के अंकों का माध्यिका परिगणित कीजिए।

| अंक | 40–50 | 30–40 | 20–30 | 10–20 | 0–10 |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्र संख्या | 10 | 12 | 40 | 30 | 8 |

अथवा

निम्नलिखित सारणी से सहसंबंध गुणांक का मूल्य ज्ञात कीजिए।

| विषय | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आयु (X) | 43 | 21 | 25 | 42 | 57 | 59 |
| ग्लुकोज स्तर (Y) | 99 | 65 | 79 | 75 | 87 | 81 |